

मां पर तेंदुए ने किया हमला, जान की बाजी लगाकर भिड़ गया बेटा

25 मिनट तक चलता रहा संघर्ष, मां को बचाया तो बेटे पर झपटा तेंदुआ, बकरी को उठाकर जंगल की ओर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मां पर तेंदुए को हमला करते देख बेटे ने अपनी जान की परवाह किए बिना उससे मुकाबला शुरू कर दिया। करीब 25 मिनट तक तेंदुए और युवक के बीच संघर्ष चलता रहा। इस दौरान युवक ने हिम्मत दिखाते हुए अपनी मां को तेंदुए के चंगुल से छुड़ा लिया, लेकिन इसके बाद तेंदुए ने बेटे पर भी हमला कर दिया। आखिरकार तेंदुआ एक बकरी को लेकर मौके से भाग निकला। इस घटना में मां और बेटा दोनों घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना छिंदवाड़ा जिले के सांवरी वन परिक्षेत्र के मुजावर माल गांव की है।



मां को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ा बेटा

तेंदुए के हमले के बीच सनोज ने हिम्मत नहीं हारी। वह लगातार अपनी मां को बचाने का प्रयास करता रहा। करीब 25 मिनट तक चले इस संघर्ष के दौरान तेंदुए ने मां और बेटे दोनों को घायल कर दिया। इसके बावजूद सनोज ने किसी तरह अपनी मां को तेंदुए के चंगुल से छुड़ा लिया। मां को बचाने में सफल होने के बाद सनोज खुद भी तेंदुए के हमले का शिकार हो गया। संघर्ष के दौरान तेंदुए ने उस पर भी हमला कर दिया। इस बीच तेंदुआ एक बकरी को अपने कब्जे में लेकर मौके से भाग निकला। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मां की जान बचाने के लिए बेटे द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर तेंदुए का मुकाबला करने की घटना की चर्चा गांव में हो रही है।

बकरी को बांधकर लौट रही थी महिला, तभी झपटा तेंदुआ

जानकारी के अनुसार, मुजावर माल निवासी गीता बट्टी (50) के घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर बकरियों को रखने के लिए कोठा बना हुआ है। महिला बकरी को कोठे में बांधने के बाद जैसे ही बाहर निकली, तभी अचानक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से महिला संभल नहीं पाई और मदद के लिए चीखने लगी।मां की चीख-पुकार सुनकर उनका बेटा सनोज बट्टी (32) तत्काल मौके पर पहुंचा। सामने तेंदुए को मां पर हमला करते देख सनोज ने अपनी जान की परवाह नहीं की और उसे भगाने के लिए भिड़ गया। मां को बचाने के लिए युवक ने तेंदुए का मुकाबला किया। देखते ही देखते संघर्ष इतना बढ़ गया कि दोनों की जान पर बन आई।

मां-बेटे का अस्पताल में चल रहा उपचार

घटना में घायल सनोज बट्टी, पिता संतराम बट्टी, उम्र 32 वर्ष और उनकी मां गीता बट्टी, पति संतराम बट्टी, उम्र 50 वर्ष को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों का उपचार जारी है।घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। अधिकारियों ने घटना के संबंध में जानकारी ली। वन क्षेत्र से लगे गांवों में वन्यजीवों की मौजूदगी के बीच इस तरह की घटनाएं ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती हैं।

ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग की भूमिका पर नजर

मुजावर माल में हुई इस घटना ने एक बार फिर वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा का सवाल खड़ा कर दिया है। बकरियों को बांधने के लिए घर से कुछ दूरी पर बने कोठे तक जाना भी परिवार के लिए जोखिम भरा साबित हुआ। अचानक हुए तेंदुए के हमले में मां-बेटे दोनों घायल हो गए और परिवार को एक बकरी भी गंवानी पड़ी। फिलहाल घायल मां-बेटे का अस्पताल में उपचार जारी है। इस घटना में बेटे ने जिस तरह अपनी मां को बचाने के लिए तेंदुए का मुकाबला किया, वह मां के प्रति उसके साहस और समर्पण को दर्शाता है। वहीं, घटना के बाद ग्रामीणों को वन्यजीवों से सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग की ओर से उठाए जाने वाले कदमों पर भी नजर रहेगी।



सांसद आज निगम में लेंगे जल समीक्षा की बैठक

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू आज 30 अक्टूबर को जहां नगर निगम छिन्दवाड़ा में जल समीक्षा की बैठक लेंगे वहीं मोहन नगर में संचालित सांसद निःशुल्क कोचिंग में छात्र-छात्राओं से संवाद भी करेंगे।

सांसद बटकाखापा के ग्राम चुरी साजवा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ भी करेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू आज सुबह 10 बजे नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा में जल समीक्षा की बैठक लेंगे। सुबह 11:30 बजे मोहन नगर में संचालित सांसद निःशुल्क कोचिंग में छात्र-छात्राओं से संवाद करेंगे।

दोपहर 1 बजे बटकाखापा के ग्राम चुरी साजवा में आयोजित 44वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे। वे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर वहां इलाज कराने आए मरीजों, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से मुलाकात करते हुए चर्चा करेंगे।

चार किलो हरे पौधों के साथ 52 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

जाम नदी किनारे खेत में चल रही थी गांजे की अवैध खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

पांढुर्णा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम नीलकंठ में जाम नदी के किनारे स्थित एक खेत से गांजे के हरे पौधे जब्त किए हैं। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डागर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद के मार्गदर्शन में पुलिस टीम को यह सफलता मिली। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम नीलकंठ में जाम नदी किनारे एक खेत में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगाए जा रहे हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खेत में दबिश दी और वहाँ से गांजे के 9 हरे पौधे बरामद किए। जब्त किए गए इन पौधों का कुल वजन लगभग 4 किलोग्राम आंका गया है।



एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में खेत के मालिक व देखरेख करने वाले 52 वर्षीय आरोपी भाउराव धुर्वे (निवासी ग्राम नीलकंठ) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने में पांढुर्णा थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार दाणी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। टीम में सहायक उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमरे, प्रधान आरक्षक राकेश चौरासे, प्रधान आरक्षक नितेश रघुवंशी तथा आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह, सुरेंद्र परानी, विजय अलोने और निलेश निवारे शामिल रहे।

माय वॉलेट' ऐप से अब नागरिकों के सभी शासकीय दस्तावेज होंगे सुरक्षित

निगम की समीक्षा बैठक में डिजिटल सशक्तिकरण पर जोर, साथ ही राजस्व वसूली तेज करने के कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी की उपस्थिति में राजस्व शाखा एवं डिजिटल सेवाओं की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान मध्य प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी डिजिटल प्लेटफॉर्म 'माय वॉलेट' (MY Wallet) मोबाइल एप्लीकेशन को आम नागरिकों तक पहुँचाने और अधिक से अधिक नागरिकों से इसे डाउनलोड कराने पर विशेष जोर दिया गया। सहायक आयुक्त ने राजस्व अमले को निर्देशित किया कि मैदानी स्तर पर जनसंपर्क के दौरान नागरिकों को इस ऐप के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए ताकि वे शासन की डिजिटल सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें।

'माय वॉलेट' मध्य प्रदेश शासन का एक अत्यंत सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से नागरिक जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, संपत्ति कर व जल कर रसीदें, भवन अनुज्ञा पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस तथा पहचान संबंधी आवश्यक शासकीय दस्तावेज आसानी से एक ही स्थान पर सुरक्षित एक्सेस, स्टोर, सत्यापित और साझा कर सकते हैं। नागरिकों के सभी शासकीय दस्तावेज सदैव उनके साथ डिजिटल रूप में सुरक्षित रहें, इसी उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा इसे जन-जन तक पहुँचाने की पहल की जा रही है। बैठक के दूसरे महत्वपूर्ण चरण में शहर के राजस्व सुदृढ़ीकरण एवं कर संग्रहण की वार्डवार समीक्षा की गई।

सहायक आयुक्त ने लक्ष्य से कम वसूली करने वाले वार्डों के सहायक राजस्व निरीक्षकों के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



जाम नदी में हजारों मछलियां पाई गई मृत

प्रदूषित पानी से बीमारी फैलने की आशंका से नागरिकों में दहशत, नपा ने शुरू किया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

शहर की जीवनदायिनी जाम नदी में इन दिनों एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई है। पिछले दो-तीन दिनों से नदी की सतह पर हजारों की संख्या में मछलियां मृत अवस्था में तैरती हुई दिखाई दे रही हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों और नदी तट के रहवासियों में भारी दहशत का माहौल है। अचानक हो रही इन मौतों के पीछे नागरिकों में यह डर सता रहा है कि कहीं नदी का पानी जहरीला तो नहीं हो गया है या फिर पानी में कोई अज्ञात



नगरपालिका ने लिया जायजा, सीएमओ ने मांगा मार्गदर्शन

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगरपालिका की टीम ने आज जाम नदी के तट का मुआयना किया, जहां उन्हें भारी संख्या में मरी हुई मछलियां मिलीं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगरपालिका की सीएमओ, हेमेश्वरी पटले ने मत्स्य विभाग से संपर्क कर इस रहस्यमयी घटना के संबंध में मार्गदर्शन मांगा है।

नदी में मिल रहा भारी कचरा और पूजा सामग्री

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका को नदी में सड़ी हुई फूल-मालाएं, बड़ी संख्या में सड़े हुए फूल और भारी मात्रा में पूजा सामग्री फैली हुई मिली। माना जा रहा है कि जल प्रदूषण और ऑक्सीजन की कमी के कारण जलीय जीवों पर यह बड़ा संकट आया है। स्थिति की नजाकत को भांपते हुए नगरपालिका ने युद्धस्तर पर जाम नदी की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही, नगरपालिका प्रबंधन ने आम जनता से अपील की है कि, नदी में किसी भी प्रकार की गंदगी, पूजा की सामग्री, घरेलू कचरा या सड़ा हुआ अन्न न फेंका जाए।

संगठन सशक्तीकरण, दस्तावेजीकरण और जनभागीदारी पर दिया गया जोर

छिन्दवाड़ा। ग्राम विकास को गति देने और सामाजिक संगठनों की कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से विकासखंड अमरवाड़ा के ग्राम पंचायत भवन पौनार में गुरुवार को प्रस्फुटन समितियों की एक दिवसीय शक्ति संचय कार्यशाला आयोजित की गई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशानुसार विकासखंड अमरवाड़ा के सेक्टर पौनार अंतर्गत नवांकुर संस्था उग्र प्रभा जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में पौनार, चिखलीवाला, धसनवाड़ा, छुई एवं हथौड़ा की प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में विकासखंड समन्वयक सुश्री वंदना राकेशिया ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के परिचय, उद्देश्यों एवं लक्ष्यों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने ग्राम विकास में जनभागीदारी की भूमिका को रेखांकित करते हुए समितियों को सक्रियता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सांसद साहू ने अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

सांसद ने बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की विभागवार की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष सांसद बंटी विवेक साहू की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) व जिला जल उपयोगिता एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियन के अंतर्गत राहत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद बंटी विवेक साहू ने केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित मॉनिटरिंग तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।



सांसद ने अधिकारियों को दिये निर्देश

बैठक में सांसद बंटी विवेक साहू ने सौंसर में पेयजल के लिए इंटक वेल बनाने, नहरों और डेमों से अवैध रूप से हो रही पानी की चोरी रोकने व टी.सी.कनेक्शन नहीं देने के निर्देश दिए। बड़चिचोली में नया उद्योगिक क्षेत्र बनाने के साथ ही सौंसर और पांढुर्णा में प्रायवेट बोरों के माध्यम से जल आपूर्ति की व्यवस्था करने के साथ ही हर पंचायत में सीएसआर के माध्यम से टेंकर प्रदान करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सांसद श्री साहू ने गांवों में दूषित पानी का पेयजल के लिए उपयोग नहीं करने के लिए पंचायतों को निर्देश भी दिए है। उन्होंने सभी शासकीय भवनों में रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार करने के निर्देश भी दिए है। सांसद बंटी विवेक साहू ने मोहगांव जलाशय की प्रकृति की समीक्षा करते हुए भूली जलाशय का काम शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी की व्यवस्था शीघ्र करने के निर्देश भी दिए है। सांसद श्री साहू ने पांढुर्णा जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने के लिए भी कहा है।

सिंचाई के लिए नहरों में मोटर पंप लगाने की मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

कम वर्षा के चलते फसलों को हुए नुकसान और आगामी गेहूं की फसल की सिंचाई की समस्या को लेकर ग्राम बांकानागनपुर के किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी चौरई को आवेदन सौंपकर राहत की मांग की है।

किसानों ने माचागोरा डैम की आरबीसी-1 नहर से निर्धारित 75 दिनों तक मिलने वाले सिंचाई जल के दौरान नहरों में मोटर पंप लगाने की अनुमति देने की मांग की है।किसानों का कहना है कि नहरों में मोटर पंप नहीं रखने के आदेश की जानकारी मिलने से खेतों तक पानी पहुंचाने में परेशानी हो सकती है। कम बारिश के कारण मक्का की फसल में भी किसानों को अपेक्षित उत्पादन नहीं मिल पाया है।



ऐसे में आगामी गेहूं की फसल के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर आर्थिक नुकसान की आशंका है।किसानों ने शासन-प्रशासन से छिंदवाड़ा जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने, प्रभावित किसानों को फसल बीमा की राशि दिलाने तथा किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि समय पर सिंचाई की सुविधा और आर्थिक राहत मिलने से किसानों को बड़ी मदद मिल सकती है।इस संबंध में ग्राम बांकानागनपुर के समस्त किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी से आवश्यक कार्रवाई कर सिंचाई के लिए मोटर पंप लगाने की अनुमति प्रदान करने की अपील की है।

सुअर पकड़ने के दौरान किसी भी अधिकारी ने फोन नहीं किया रिसीव

अधिकारियों का सहयोग नहीं मिलने पर नपाध्यक्ष का झलका दर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे का दर्द और गुस्सा आखिरकार छलक ही पड़ा है। शहर में चलाए जा रहे सूअर पकड़ने के विशेष अभियान के दौरान प्रशासनिक और पुलिसिया तंत्र की पोल खुलकर सामने आ गई है। हालात यह हैं कि अधिकारियों को अपने बंगलों की साफ-सफाई, घास कटवाने और ड्राइवर-कर्मचारियों की फौज तो नगरपालिका से तुरंत चाहिए, लेकिन जब बात जनहित के एक अभियान में सुरक्षा देने की आई, तो कलेक्टर से लेकर थाना प्रभारी तक ने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा!



अभियान के दौरान हुआ विरोध, तमाशबीन बनी रही पुलिस

बीती 27 अक्टूबर को नगरपालिका का दल शहर में सूअर पकड़ने के अभियान पर निकला था। इस दौरान सूअर पालकों ने न सिर्फ जमकर विरोध किया बल्कि कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और अभद्रता भी की। दल की सुरक्षा के लिए मौके पर तैनात किए गए नाममात्र के दो सिपाही अपनी बाइक से उतरने तक से कतराते नजर आए। बढ़ते तनाव और खतरे को भांपते हुए नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने तुरंत हस्तक्षेप किया। उन्होंने मौके से ही कलेक्टर, एसपी, थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी और कई वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार फोन मिलाया, लेकिन किसी ने भी उनका कॉल रिसीव करने की जहमत नहीं उठाई। हालांकि, इस बीच एसडीओपी बृजेश भार्गव ने फोन उठाया और कुछ हद तक स्थिति को संभालने में सहयोग किया।

अधिकारियों के घरों में खाना बना रहे हमारे कर्मचारी

नपा अध्यक्ष ने तीखे तेवर अपनाते हुए प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि नगरपालिका का अमला जनता की भलाई के लिए अपनी ड्यूटी निभा रहा था, किसी के निजी घर का काम नहीं कर रहा था।अध्यक्ष ने बताया कि, नपा के कई कर्मचारी सालों से वरिष्ठ प्रशासनिक कार्यालयों में अटैच हैं, तो कई अधिकारियों के बंगलों पर खाना बनाने और घरेलू काम करने में जुटे हैं।-

निजी स्वार्थ के लिए याद आती है नपा

अधिकारियों को अपने निजी वाहन चलाने के लिए नपा से ड्राइवर चाहिए, अपने क्वार्टर की घास-फूस कटवाने और सफाई के लिए अमला चाहिए। जरा सी पानी की किल्लत होते ही वे नगरपालिका पर चढाई करने के लिए उतारू हो जाते है।

हमें भी कार्यशैली में परिवर्तन लाना होगा

नपा अध्यक्ष ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि नगरपालिका हमेशा अधिकारियों के आदेशों का पालन करती है, लेकिन यदि प्रशासनिक रवैया ऐसा ही असहयोगात्मक रहा, तो भविष्य में नगरपालिका को भी अपने व्यवहार और कार्यशैली में परिवर्तन करने पड़ेंगे।

देढ़ लाख श्रद्धालुओं ने लगाई भगवान पंढरीनाथ मंदिर में हाजिरी

महाप्रसाद लेंने देश के कोने-कोने से पहुंचे भक्त, संदीप मोहोड़ मित्र मंडली ने हजारों लोगों को स्वल्पाहार वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

ग्राम बेरडी स्थित श्री विठ्ठल-रुक्मिणी मंदिर में आयोजित अखंड हरिनाम सप्ताह एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव का समापन श्रद्धा, भक्ति और अपार जनसैलाब के बीच गुरुवार को दिव्य उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने भगवान श्री विठ्ठल-रुक्मिणी के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। चहुंओर गूंजते हरिनाम और आस्था के इस महाकुंभ ने संपूर्ण क्षेत्र को लघु 'पंढरपुर' में परिवर्तित कर दिया। समापन अवसर पर आयोजित दहीलाही (गोपाल काला) कीर्तन में ह.भ.प. बालकृष्ण दादा वसंतगढ़कर महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।



भक्तों का जनसैलाब और आत्मीय सेवा के विविध रंग

इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक विजय चौरे,पूर्व मंत्री नाना मोहोड, पूर्व मंत्री सुनील केदार, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा,राहुल मोहड़, ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। आगंतुकों का स्वागत राधेश्याम सुधा ओर मंदिर कमेटी की ओर से किया गया, वही सर्व समाजों द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिनभर सौसर डीएसपी प्रियका पांडे पूरी पुलिस टीम के साथ में सक्रिय नजर आई।

संदीप एवं मित्र मंडली ने किया 10,000 से अधिक भक्तों को स्वल्पाहार वितरण

सौसर से लेकर बेरडी मार्ग पर जगह-जगह सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा भोजन, पेयजल और चाय की व्यवस्था की गई थी। इसी कड़ी में बेरडी मार्ग पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़ मित्र मंडली द्वारा विशेष सेवा शिविर लगाया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़, पूर्व राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, इंदरचंद डागा, गोपाल शर्मा, मोंटी ठाकुर, गोलू कडू और नंदू तीतर के हाथों 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं को पोहे और जलेबी का स्वल्पाहार वितरित किया गया।

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में महिलाओं में मानसिक तनाव के कारणों और निवारण पर व्याख्यान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बुधवार, 28 अक्टूबर 2026 को "महिलाओं में मानसिक तनाव : कारण और निवारण" विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं में मानसिक तनाव के कारणों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उसके निवारण के उपायों पर चर्चा करना था।कार्यक्रम में डॉ. मदन ठाकरे एवं डॉ. मनीषा आमटे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, डॉ. पूजा तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने पारिवारिक जिम्मेदारियों, सामाजिक अपेक्षाओं, कार्य के दबाव तथा व्यक्तिगत परिस्थितियों से उत्पन्न मानसिक तनाव के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने तनाव प्रबंधन के लिए सकारात्मक सोच, योग, ध्यान, नियमित दिनचर्या तथा पारिवारिक सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आवश्यकता पड़ने पर उचित मार्गदर्शन लेने पर जोर दिया।



हनुमान लोक पहुंचे कीर्तनकार ह.भ.प. बाळकृष्ण दादा, हनुमान जी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

सौंसर। चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान, हनुमान लोक जामसांवली धाम में गुरुवार को वारकरी संप्रदाय के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प. श्री बाळकृष्ण दादा वसंतगडकर जी महाराज (मुंबई) का गरिमामय आगमन हुआ। धाम पहुँचने पर महाराज जी ने श्री हनुमान जी महाराज के दर्शन एवं पूजन-अर्चना की तथा सभी श्रद्धालुओं के सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना की।इस दौरान मंदिर संस्थान की ओर से उनका आत्मीय स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन किया गया। इस पावन अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष डवरे, ट्रस्टी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,मंदिर सीईओ वीरेंद्र भट्ट ने महाराज जी को सम्मान स्वरूप उन्हें श्री हनुमान जी महाराज की सुंदर प्रतिकृति (स्मृति चिह्न) भेंट कर अभिनंदन किया गया। मंदिर कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि महान संतों का धाम में आगमन सदैव संपूर्ण क्षेत्र के लिए मंगलकारी और प्रेरणादायी होता है।

गुलाबचंद लोधी ने प्राप्त की डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



शिक्षा, सामाजिक सेवा, जनजातीय लोक संस्कृति के संरक्षण और आधुनिक जैविक कृषि के क्षेत्र में सक्रिय गुलाबचंद लोधी ने अपनी कार्यशैली से समाज में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। कृषक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाया तथा विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक पहलों के जरिए जनसेवा के कार्यों में योगदान दिया है। हाल ही में शिक्षा विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त करना उनकी शैक्षणिक यात्रा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।जनजातीय लोक संस्कृति पर शोध के लिए पीएच.डी. की उपाधिगुलाबचंद लोधी को उनके शोध ग्रंथ "जनजातीय लोक संस्कृति पर शिक्षा के प्रभाव का समाजशास्त्रीय अध्ययन (मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और बालाघाट के गोंड जनजाति के संबंध में)" के लिए शिक्षा विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और बालाघाट जिलों के गोंड जनजातीय समाज की लोक संस्कृति तथा शिक्षा के प्रभाव के समाजशास्त्रीय अध्ययन पर केंद्रित है। यह विषय जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत, शैक्षणिक परिवर्तन और सामाजिक विकास को समझने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ ने किया डैम की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य का निरीक्षण

जुन्नारदेव। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर में सुचारू जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए डैम की दीवार की ऊंचाई 2 मीटर बढ़ाने का कार्य किया प्रगति पर है। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे एवं सीएमओ ने निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष सीएमओ सहित भाजपा नगर मंडल मंत्री व पार्षद प्रमोद बंदेवार, पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी, भाजपा नेता देवेंद्र टांडेकर, दिवाकर भाऊ, हिमांशु पंचेश्वर, योगी तिवारी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सौंसर ब्लॉक एनएसयूआई का विस्तार: करन धुर्वे बने ब्लॉक उपाध्यक्ष



सौंसर। ब्लॉक में एनएसयूआई संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए लगातार युवाओं को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में संगठन को नई गति प्रदान करने हेतु करन धुर्वे को सौसर ब्लॉक एनएसयूआई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ब्लॉक एनएसयूआई अध्यक्ष पंकज बंसोड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि यह नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं सौसर विधायक विजय चौरे की अनुशंसा पर की गई है। ब्लॉक अध्यक्ष पंकज बंसोड़ ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालयों के साथ-साथ सभी ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नईकार्यकारिणी के गठन से छात्र हित की आवाज को और अधिक मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त ब्लॉक उपाध्यक्ष करन धुर्वे को बधाई देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि वे तत्काल अपना पदभार ग्रहण कर संगठन को और मजबूत बनाएंगे।

बालाघाट मुख्यालय में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न, शील सदाचार यह हमारे अलंकार है-बी.एच.गायकवाड

अनुशासित कार्यकर्ता ही महापुरुषों के विचारों के वाहक: डॉ.चरनदास ढेंगरे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट मुख्यालय के वार्ड न 6 जयहिंद टॉकीज के पीछे स्थित प्रेरणा बुद्ध विहार में 25 अक्टुबर 2026 को संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट मप्र के तत्वावधान में शाखा पुनर्गठन उपरांत कार्यकताओ को प्रशिक्षित किए जाने हेतु एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि एवं मुख्य प्रशिक्षक बी.एच.गायकवाड गुरुजी,राष्ट्रीय सचिव,मप्र के पालक मंत्री एवं पर्यटन विभाग के राष्ट्रीय प्रमुख मुंबई, बी. एम.कांबले प्रमुख अतिथि एवं प्रशिक्षक राष्ट्रीय सचिव एवं साउथ के राज्यों के पालक मंत्री मुंबई, शिविर के उद्घाटक एवम प्रमुख अतिथि संस्था के मप्र अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे थे। विशेष अतिथियों में हेमलता डोंगरे उपाध्यक्ष मप्र, आर.के.कठाने प्रदेश सचिव मप्र,राजकपूर कामडे प्रदेश सचिव कार्य.मप्र तीनों केंद्रीय शिक्षक,बी आर रामटेके जिला उपाध्यक्ष,प्रमिला ताईं चौहान जिला उपाध्यक्ष,नलिनी ताईं वाहनें जिला सदस्य बालाघाट आदि के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट,सफल संचालन नवनियुक्त महासचिव अभिराज मेश्राम द्वारा किया,सामूहिक पूजा वंदना एवं अतिथि यो के स्वागत पश्चात प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षकों द्वारा सारगर्भित रूप से संस्था के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।जिसमें दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के कार्य एवं उद्देश्य,मिशन,शाखा का कामकाज कैसे करे और हिसाब कैसे लिखे,कार्यकर्ता ओर प्रबोधन की आचार संहिता,पदाधिकारी ओर उनकी जिम्मेदारी या आदि पर प्रबोधन किया। प्रबोधन के दौरान,मुख्य अतिथि गायकवाड गुरुजी ने अपने सारगर्भित प्रबोधन में बताया कि शील सदाचार यह सभी कार्यकर्ता एवं हमारा अलंकार है,इसी क्रम में शिविर उद्घाटन करते हुए प्रमुख अतिथि डॉ. चरनदास ढेंगरे जी बताया कि अनुशासित कार्यकर्ता, पदाधिकारी हमारे महापुरुषों के विचारों के वाहक हैं,जिससे धम्म संस्था के माध्यम से धम्म कार्य निरंतर गतिमान हो रहा है,इस शिविर में संस्था के जिला सचिव आर के शेन्डे जी एवं हरिदास मेश्राम जिला संगठक किरनापुर,प्रफुल डोंगरे नगर अध्यक्ष,सुषमा रावडे उपाध्यक्ष,प्रमिला पटले,उर्मिला मेश्राम,उर्मिला वासनिक नगर सचिव, इन्द्रकला कठाने जिला संगठक, दुरेन सावनकर, अध्यक्ष,विनय चोरे महासचिव किरनापुर,एवं जिला,नगर शाखा एवं समाज के अन्य बुद्धजीवी बंधु भारी संख्या में शामिल रहे,इस अवसर पर नलिनी वाहने मैडम एवं प्रमिला ताईं मेश्राम जी को जिला शाखा में महत्वपूर्ण जवाबदारी दि। अंत में अल्पाहार के बाद शिविरार्थियों के मनोगत उपरांत समापन गाथा के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।



सभी धर्मो का मालिक एक है - जावेद अली

नवेगॉव ख में परमात्मा एक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत खैरलांजी अंतर्गत नवेगांव ख में परमात्मा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने पहुॅचे जावेद अली का आयोजकों द्वारा पुष्पहार पहना कर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि जावेद अली ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा एंक है, हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सबका मालिक एक है। परमात्मा ही सर्वशक्तिमान हैं, पालनहार है, आदि है, अनादि हैं, अनंत है, सर्वयापी है, बड़ी कृपा करने वाला दयालु दयावान हैं। सभी धर्म गुरुओं ने यही संदेश दिया है कि परमात्मा एक हैं। जाति, धर्म के आधार में कोई बड़ा छोटा नहीं होता, जिसके आचरण, कर्म अच्छे हैं, वहीं परमात्मा का सच्चा भक्त है। माता, पिता की सेवा करो, बेटी बचाओ, बेटी को पढ़ाओ, बेटी को बेटे के बराबर समानता का अधिकार दो और नशे से दूर रहो।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसान भाईयों के साथ धोखा किया है। भाजपा के शासन काल में सबसे ज्यादा किसान भाईयो के साथ अत्याचार हो रहा है। किसानों को धान व गेहूॅ का समर्थन मूल्य दिया जाये। किसानों को अधिकार दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में लगातार लड़ाई लड़ रही है। भाजपा ने झूठे वादे किये, सुनहरे हिंदुस्तान के सपने दिखाए और देशवासियों को महंगाई की आग में ढकेल दिया है। वह धर्म, जाति के नाम पर नफरत फैलाकर सत्ता हासिल करती है। सत्ता हासिल करने के बाद देश की जनता को अनाप सनाप तरीके से लूट रही है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वह भाजपा को हटा कर देश को बचाये और कांग्रेस को लाकर देश को बचाये। क्योंकि कांग्रेस किसानों की, गरीबो की हमदर्द है।

इसकार्यक्रम में ग्राम पंचायत नवेगॉव ख सरपंच मड़ेश्वार पटले, खैरलांजी ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष अनूपचंद ठाकरे, पूर्व जनपद सदस्य रूपलाल पटले, कुॅवरलाल लिल्हारे, लालू सुलकिया, राजेश कोलते, देवेश धुर्वे सहित सैकड़ों ग्रामीणजन व परमात्मा एक संगठन के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

आसमान में बादलों ने रोकी चांद की राह

सुहागिनों ने भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान चंद्रमा के दर्शन कर खोला करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज लांजी।



पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को करवाचौथ का व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। करवाचौथ के दिन महिलाओं को शाम होते ही चंद्रमा के उदय होने का इंतजार रहता है, लेकिन इस बार आसमान में बादल छाए रहने और मौसम खराब होने के कारण कई स्थानों पर चंद्रमा के स्पष्ट दर्शन नहीं हो सके। इससे व्रत रखने वाली महिलाओं को चांद निकलने का लंबा इंतजार करना पड़ा।चंद्रमा के दर्शन नहीं होने के कारण महिलाओं के सामने व्रत खोलने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। ऐसे में कुछ सुहागिन महिलाओं ने धार्मिक आस्था और पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने भगवान शिव की मूर्ति और तस्वीर में उनके मस्तक पर विराजमान चंद्रमा के दर्शन कर श्रद्धापूर्वक अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए व्रत का पारण किया। इस दौरान महिलाओं की अटूट श्रद्धा, विश्वास और पति के प्रति समर्पण की भावना देखने को मिली। करवाचौथ के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही व्रत के नियमों का पालन किया। महिलाओं ने दिनभर अन्न और जल ग्रहण किए बिना निर्जला उपवास रखा।

मां कर्मा देवी समाज संगठन लांजी की नई कार्यकारिणी का गठन, गणेश चापड़े बने अध्यक्ष

दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नियमानुसार किया गया संगठन का पुनर्गठन, सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर सदस्यों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मां कर्मा देवी समाज संगठन लांजी में संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। 27 अक्टूबर 2026 को सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में आयोजित बैठक के दौरान संगठन के पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया पूरी की गई। संगठन का पूर्व निर्धारित दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नियमानुसार पुनर्गठन करते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में समाज के लोगों की उपस्थिति में संगठन की आगामी गतिविधियों, सामाजिक सहभागिता तथा समाज को संगठित और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया गया। नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन के कार्यों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में सहयोग मिलने की उम्मीद जताई गई।

मां कर्मा देवी समाज संगठन लांजी की नवगठित कार्यकारिणी में गणेश चापड़े को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सोनकराम पिंपरे एवं श्री बाबूराव सातपुते को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के सचिव पद पर राजकुमार नरताम तथा कोषाध्यक्ष पद पर नंदकिशोर सातपुते को नियुक्त किया गया है।नई कार्यकारिणी में संगठन के संचालन, सामाजिक गतिविधियों के समन्वय और संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पदाधिकारियों के साथ कार्यकारिणी सदस्यों को भी शामिल किया गया है। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपेक्षा की गई है कि वे आपसी समन्वय और सहयोग के साथ समाजहित में कार्य करेंगे।

संगठन के पुनर्गठन के दौरान कार्यकारिणी मंडल, सदस्य एवं परामर्श सदस्य के रूप में भी विभिन्न सामाजिक बंधुओं को शामिल किया गया। उपलब्ध हस्तलिखित विवरण में रोशनलाल कोठारे, आनंद लटारे, खुशीराम सोमनकर, ईश्वरी सातपुते, शंकरलाल किरमें, अशोक नरताम, प्रभुदास किरमें एवं कुशलराव घोंघड़े सहित अन्य सदस्यों के नाम दर्ज हैं।इसके अतिरिक्त प्यारेलाल सोमनकर, हंसराज सातपुते, लिम्बा जी किरमें, अमृतलाल पिंपरे, धनराज किरमें, इंद्रराज सहारे एवं सुनील सातपुते सहित अन्य सामाजिक बंधुओं के नाम भी कार्यकारिणी से संबंधित सूची में शामिल हैं। कुछ नामों की हस्तलिखित वर्तनी स्पष्ट नहीं होने के कारण प्रकाशन से पहले मूल सूची से उनका मिलान किया जाना उचित होगा।

सिंगोडी में सेवानिवृत्त ऑगनबाड़ी सहायिका इन्द्रा गजभिये का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगोड़ी की आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में पदस्थ सहायिका श्रीमती इंद्रा गजभिये का सेवानिवृत्त सम्मान समारोह श्रीमती पुष्पा अमूले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच श्रीमती एम कला बोपचे, किशोर अमूले जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बालाघाट एवं श्रीमती नीमा बोरकर पर्यवेक्षक महिला बाल कल्याण विभाग की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिला बहनों को संबोधित करते हुए श्रीमती पुष्पा अमूले ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आप सभी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनों द्वारा नन्हें मुन्हें बच्चों को जो संस्कार, ऊर्जा एवं शिक्षा दी जाती है, वह उन्हें जीवन में आगे बढने में सहायक होती हैं। इन छोटे बच्चों का भविष्य तैयार करने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका हैं।भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले ने कहा कि वारासिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत 40 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में परिवर्तित किया गया है। जिसमें एल ई डी के माध्यम से पढ़ाई, स्वच्छ पानी पीने के लिए आरो एवं वाटर हार्सवेस्टिंग की सुविधा देकर अपग्रेड किया गया है। कुपोषित बच्चों को एन आर सी में 14 दिन रखा जाता है, जिसमें साथ में रह रही मां को भी भोजन, रहने की सुविधा के साथ-साथ 14 दिन की मजदूरी का भी प्रावधान है। इस अवसर पर ऑगनबाड़ी केन्द्र के समस्त कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



ग्रामीणों की सजगता से बची बछड़े की जान, वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले कान्हीवाड़ा कान्हीवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों शेर की मौजूदगी से दहशत का माहौल बना हुआ है। जंगली जानवर द्वारा लगातार पालतू मवेशियों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ताजा मामला ग्राम लखनटोला का है, जहां बीती 28 अक्टूबर की शाम लगभग 7 बजे शेर गांव के अंदर घुस आया और फूलसिंह धुर्वे के घर से गाय के बछड़े को अपना शिकार बनाने के लिए हमला किया ग्रामीणों का कहना है कि फूलसिंह धुर्वे की गया 10 से 12 लीटर दूध प्रतिदिन देती है और उसके परिवार का जीवन यापन उसी से चलता है जिसको शेर ने घायल कर दिया विभाग से निवेदन है फूलसिंह धुर्वे के जीवन यादव के लिए उचित मुआवजा राशि प्रदान करे। गनीमत रही कि ग्रामीणों की सजगता और एकजुटता के चलते गाय को बचा लिया गया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से शेर को गांव से जंगल की ओर खदेड़ दिया गया।

किलकारी मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल सिवनी में 31 अक्टूबर को निःशुल्क निःसंतानता निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज सिवनी। निःसंतानता की समस्या से जूझ रहे दंपतियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत किलकारी मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल, सिवनी में बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, नागपुर के सहयोग से निःशुल्क निःसंतानता निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शनिवार 31 अक्टूबर 2026 को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किलकारी मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल, अनमोल रेजीडेंसी, जियारत नाका, जबलपुर रोड, सिवनी में आयोजित होगा। शिविर में निःसंतानता से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं उचित चिकित्सकीय परामर्श के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविर के अंतर्गत दंपतियों को निःशुल्क फर्टिलिटी कंसल्टेशन, निःशुल्क सीमेन एनालिसिस तथा निःशुल्क कपल स्क्रीनिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।

आज घंसौर में लगेगा जनविश्वास शिविर

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर 2026 को घंसौर में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर आयोजित किया जाएगा।शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। नागरिक अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदनों के साथ शिविर में पहुंचकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकेंगे। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी शिविर के दौरान की जाएगी।

पुराने बस स्टैंड को बने लगभग 50 से अधिक वर्ष हो चुके इसके बावजूद भी इसका कायाकल्प तथा रंग रोगन करने की सुध किसी ने नहीं ली, क्यों नहीं हो रहा बस स्टैंड का रंग रोगन

दीपावली पर्व पर लोग इसलिए सफाई करते हैं कि सुख और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी का घरों में आगमन हो लेकिन विडंबना है कि लगभग 30 वर्ष पूर्व से अधिक समय हो चुके नए बस स्टैंड के बने तथा पुराने बस स्टैंड को बने लगभग 50 से अधिक वर्ष हो चुके हैं इसके बावजूद भी इसका कायाकल्प तथा रंग रोगन करने की शुद्ध किसी ने नहीं ली, इन इमारत में पानी व कई के कारण यह इमारतें बदसूरत नजर आ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

उल्लेखनीय होगा कि सिवनी मुख्यालय का यह बस स्टैंड में उत्तर दक्षिण तथा पूर्व पश्चिम दिशा में यात्रियों का नेट आना-जाना लगा रहता है जगह-जगह गंदगी बदनुमा दीवारों दीवारों में पीपल सहित अनेक प्रकार के वृक्षों का उगना इस बात का भी संकेत है कि इस बस स्टैंड की सुरक्षा कोई मापदंड नहीं रह गया है पुराने बस स्टैंड के सामने बारिश के पानी के निकासी का ना होना एवं गुण बनाते मच्छर किसी बीमारी को आमंत्रण देते प्रतीत हो रहे हैं। जब भी बस स्टैंड की सुरक्षा एवं सफाई को लेकर बात की जाती है तो अक्सर लोग यह कहने लगते हैं कि इस बस स्टैंड को यहां से हटा दिया जाए लेकिन यह बात भी उतनी ही लाजमी है कि पुराना बस स्टैंड जो की आज भी लोगों की सुविधा की दृष्टि से अनुकूल है और इस बस स्टैंड में अगर व्यवस्थित रूप से संसाधन जुटा जाए एवं इमारत की देखरेख की जाए तो वह दिन दूर नहीं जब इसी बस स्टैंड में लोगों को सुविधाजनक यात्रा का सुख मिल सकता है। इस बस स्टैंड से लगी लगभग 10 एकड़ भूमि आती है जिसकी देखरेख के अभाव में उक्त भूमि को वर्कशॉप के रूप में अवैध रूप से उपयोग किया जा रहा है जिस पर जिला प्रशासन का ध्यान नहीं है नियम अनुसार इन भवनों का कायाकल्प एवं रंग रोवन प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि शायद जिला प्रशासन के पास इसके रख रोगन एवं लोगों की सुविधा के लिए राशि ना नहीं है जिसके परिणाम स्वरूप लोगों को सुविधा से वंचित रखा जा रहा है इस संबंध में जब कांग्रेस नेता खुमान सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने



कहा कि यह जिला आपका और हमारा है अगर शासन इसके रंग रोगन की व्यवस्था नहीं करवा पा रही है तो जनहित में मैं स्वयं लोगों के साथ मिलकर झोली फैलाकर जन सहयोग लूंगा एवं इन भवनों के कायाकल्प करने के लिए प्रयासरत रहूंगा हमें विश्वास है कि यह नौबत नहीं आएगी और इसके पूर्व ही इन भवनों का कायाकल्प जरूर हो जाएगा।
देखा गया कि नए बस स्टैंड के निर्माण के दौरान उसे समय रहे स्त्री विभागीय मंत्री स्वर्गीय हरवंश सिंह एवं कलेक्टर मोहम्मद सुलेमान ने कल्पना की थी कि यह नए बस स्टैंड के



बनने के बाद हर यात्री को एवं व्यापारियों को सुविधा मिलेगी लेकिन वर्तमान में हालात यह है कि मेंटेनेंस की अभाव के कारण यह बस स्टैंड में जो खंबे लगे हैं वह जर्जर हो चुके हैं विद्युत के लिए बिछाई गई लाइन बर्बाद हो चुकी है सडक़ों की हालत खस्ता हो चुकी है यात्री प्रतीक्षालय में कोई सुविधा नहीं है वहां के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है ऐसे में बाहर से आने वाले यात्री शिवानी के बारे में क्या सोच कर जाते होंगे यह बताने की आवश्यकता नहीं है जिस पर विचार किया जाना जनहित में होगा।

करवाचौथ पर्व पर विशेष अभियान - हेलमेट का वादा भूल ना जाना...



सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में त्योहारों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात पुलिस सिवनी द्वारा करवाचौथ के पावन पर्व पर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों- बुधवारी बाजार, नगर पालिका चौक, शुक्रवारी चौक एवं शंकर मढिया में नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

जुआरियों के दो अलग-अलग फड़ों पर कोतवाली पुलिस की रेड

7 जुआरी गिरफ्तार, नगदी 7,200 एवं 52 ताश पत्ते जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

गिरफ्तार आरोपी

1. अजय पिता नर्मदा प्रसाद शिववेदी, उम्र 65 वर्ष, नि. डूंडासिवनी
2. अशोक पिता नारायण प्रसाद जैसवाल, उम्र 65 वर्ष, नि. डूंडासिवनी
3. राधेश्याम पिता मोहनलाल देशमुख, उम्र 62 वर्ष, नि. डूंडासिवनी
4. रियाज खान पिता एजाज खान, उम्र 65 वर्ष, नि. हड्डी गोदाम, सिवनी
5. जुगल पिता फागूलाल धुर्वे, उम्र 55 वर्ष, नि. गायत्री मंदिर के पास
6. संदीप पिता जगदीश ठाकुर, उम्र 45 वर्ष, नि. बारापत्थर, सिवनी
7. रवि पिता सूरज नागेश्वर, उम्र 52 वर्ष, नि. चूनाभट्टी, सिवनी

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षकचंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में जुआ-सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दिनांक 28/10/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गायत्री मंदिर के आगे, शास्त्री वार्ड, सिवनी में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रूपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर दो अलग-अलग जुआ फड़ों पर दबिश देकर घेराबंदी कर 07 जुआरियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 7,200/ नगद एवं 52 ताश के पत्ते जप्त कर जुआ एक्ट (धारा 13 जुआ एक्ट एवं 3(2) म.प्र. राज्य जुआ अधिनियम) के तहत पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। सराहनीय भूमिका-थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जसवंत ठाकुर, प्रआर मनोज पाल, प्रआर सुधीर डहेरिया, प्रआर प्रदीप चौधरी, आर प्रतीक बघेल, आर अजय युवनाती।

अशोक जैन होंगे 31 अक्टूबर को सेवानिवृत



सिवंनी। प्रशासनिक सेवा में काम करना एक सामान्य बात है वहीं दूसरी ओर सेवानिवृत्ति होना भी आम बात है, लेकिन कुछ लोग अपनी कार्यशैली एवं मृदु व्यवहार के कारण अपनी अलग पहचान बनाते हैं ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में पदस्थ अशोक जैन किसी परिचय के मोहताज नहीं है वर्ष 1991 में इस महाविद्यालय की प्रचार रहे। अरुण कुमार के कार्यकाल में पदस्थापना के बाद इसी महाविद्यालय में 36 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी इस दौरान शासन के विश्वास के तहत कोरी महाविद्यालय के विकास को लेकर उन्हें दायित्व सौपा गया जिसे उन्होंने अच्छी तरह से निर्वहन किया।

बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसलों को भारी नुकसान बारिश से खेतों में खड़ी फसल प्रभावित

किसानों ने सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पलारी क्षेत्र में मौसम के अचानक करवट लेने और हुई बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में खड़ी फसलों को बारिश के कारण भारी नुकसान होने की बात सामने आ रही है।
कई किसानों की फसलें बारिश से प्रभावित हुई हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि पहले ही मौसम की मार से फसलों की स्थिति चिंताजनक थी, वहीं अब बारिश ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। किसानों ने शासन-प्रशासन से प्रभावित खेतों का शीघ्र सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने तथा पात्र किसानों को बीमा एवं मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। किसानों ने कहा कि समय पर राहत नहीं मिली तो आगामी सीजन की खेती करना भी मुश्किल हो सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

स्टारलिंक के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच का प्रदर्शन

सिवनी में स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने विदेशी कंपनियों के बढ़ते प्रभाव और संचार क्षेत्र में विदेशी निर्भरता के विरोध में प्रदर्शन कर स्टारलिंक का पुतला दहन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



भारत विदेशी कंपनियों के बढ़ते प्रभाव और संचार क्षेत्र में देश की बढ़ती विदेशी निर्भरता के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कचहरी चौक में स्टारलिंक का पुतला दहन कर स्वदेशी तकनीक, राष्ट्रीय हित और आत्मनिर्भर भारत के पक्ष में अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। विभाग संयोजक सुनील मालू ने कहा भारत केवल विदेशी तकनीकी कंपनियों का बाजार बनकर नहीं रह सकता। आज सबसे बड़ी आवश्यकता यह है देश अपनी तकनीकी क्षमता, संचार व्यवस्था और डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए।
स्वदेशी जागरण मंच ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग की कि भारत में स्टारलिंक को संचालन की अनुमति नहीं दी जाए. संगठन ने कंपनी की ओर से उठाए गए मुद्दों और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित स्पष्टीकरणों को लेकर चिंता जताई है. जिला समंवयक श्रीमती आराधना राजपूत ने कहा कि भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं के विस्तार का निर्णय केवल तकनीकी प्रगति या व्यावसायिक संभावनाओं के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए. इसमें देश की सुरक्षा, संचार व्यवस्था पर नियंत्रण, स्वदेशी तकनीक के विकास और रणनीतिक आत्मनिर्भरता जैसे पहलुओं को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
संगठन ने अपने ज्ञापन में यह भी संकेत दिया कि किसी विदेशी कंपनी को भारतीय बाजार में सेवाएं देने की अनुमति देने से पहले संबंधित सुरक्षा आवश्यकताओं और नियामकीय शर्तों के पालन को सुनिश्चित करना जरूरी है. कार्यक्रम में विभाग संयोजक सुनील मालू, जिल संयोजक बद्री सनोडिया, जिला समंवयक श्रीमती आराधना राजपूत, श्रीमती पुष्पा मेहंदीरत्ता, श्रीमती रुकमणी सनोडिया, जिला सहसंयोजक अनिल यादव, प्रदीप भगत, जिला प्रशिक्षक शरद चौरसिया, युवा आयाम प्रमुख महेश चौरसिया, प्रवीण दुबे, शुभांशु, सोनाली, मुस्कान, राजेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

घर-घर पाठशाला की आयोजन में लोगों ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज सिवनी। दिगंबर जैन समाज की महिला मंडल द्वारा चलित घर-घर पाठशाला संस्था के द्वारा बजट अनेक वक्षंर्षों से बच्चों को धार्मिक संस्कार देने के उद्देश्य यह संस्था प्रारंभ की गई थी जिसमें बच्चों को प्रवचनों के माध्यम से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से उनमें संस्कारों का विर ओ इसपन करने की पहल जिला संयोजक श्रीमती सुशीला बगड़ द्वारा दी जा रही है इस संस्था का वार्षिक सत्र के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान समाज की महिलाओं का सम्मान किया गया।
इस दौरान सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी श्रीमती नीलम बाझल, सुनीता जैन शादी का संजू जैन आदि की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री जी के समक्ष



दीप प्रचलन किया गया तदुपरांत महिला मंडल द्वारा भजन छोटा सा मंदिर बनाएंगे वीर गुण गाएंगे की प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर वर्षभर गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया आयोजन में वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सुनंदा चौधरी एवं डॉ नीता जैन ने कहा कि यह कार्य निश्चित ही हमारे पुण्य को बढ़ाने का कार्य करता है और इसमें जो सहयोगी हैं वे भी पुण्य के भागीदारी बनते हैं बच्चों में संस्कारों के प्रति गुणात्मक विकास आए जिसको लेकर श्रीमती सुशीला बगड़ द्वारा जो कार्य किया जा रहे हैं उसकी हम सभी सराहना करते हैं साथ ही इस आयोजन के दौरान महिलाओं ने पुरुषों का भी सम्मान किया।
गौरतलब है कि घर-घर पाठशाला के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ महिलाओं के द्वारा प्राचीन ग्रंथो पर आधारित प्रश्न तैयार कर उनके उत्तर पुस्तिका में लिखकर परीक्षा ली जाती है और उसमें योग्यता अनुसार पुरस्कृत किया जाता है यह लगभग 25 वर्षों से प्रारंभ है जिसको लेकर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

नवागत कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



नवागत कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने गुरुवार को सिवनी कलेक्टर के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। श्रीमती अंजू अरुण कुमार 2017 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने अधिकारियों से जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर नीलमणी अग्निहोत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वर्धा और नागपुर के खिलाड़ी बने विजेता, उपविजेता

देश भर के खिलाड़ियों ने कैरम में दिखाए जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



शहर के एक स्थानीय लोन में ऑल इंडिया लेवल की कैरम प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें सिंगल में कन्हैया लाल ऊइके वर्धा महाराष्ट्र विजेता और गुरुचरण तांबे नागपुर महाराष्ट्र उपविजेता रहें।टूर्नामेंट प्रभारी पिंटू खान ने बताया कि इस टूर्नामेंट देश के तीन सौ से अधिक नेशनल खिलाड़ियों ने भाग लिया। अच्छे खेल से दर्शकों मनोरंजन किया । डबल का फाईनल मुकाबला इरशाद अहमद व पाटनर सचिन मेश्राम और रमेश कुराडे पाटनर सोमा किनाटे के मध्य खेला गया। जिसमें इरशाद सचिन की टीम विजेता बनी। सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को नगर राशि व सील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह टूर्नामेंट 24 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 28 अक्टूबर को संपन्न हुआ जिसमें 24 घंटे इस प्रतियोगिता के में चलते रहे। इस टूनामेंट के सेमीफाइनल मैच मे मुख्य अतिथि के रूप मे हर्ष राय व पंकज बघेल पधारे व फाईनल मैच मे मुख्य अतिथि के रूप मे आंनद पंजवानी,मुमताज अली,तबरेज खान थे। वही इस टूनामेंट को सफल बनाने मे टूनामेंट अध्यक्ष सुलेमान कादरी एवं असलम खान का योगदान रहा है टूनामेंट संरक्षक सोएब नवाब, फिरोज खान,पिंटू ,डाक्टर मोहसिन, आसिफ खान भाई एवं स्टार क्लब के खिलाड़ियों ने इस टूनामेंट को सफल बनाने मे सहयोग किया।

डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन कानून अभिव्यक्ति की आजादी और स्वतंत्र पत्रकारिता पर सीधा प्रहार है- नरेश मरावी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। भाजपा सरकार सरकारी तंत्र से लेकर देश की मीडिया को भी अपने हाथ की कठपुतली बनाना चाहती है ताकि सरकार द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार, गलत कामों पर मीडिया लिख भी न सके। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन कानून (**DPDP Act**) अभिव्यक्ति की आजादी और स्वतंत्र पत्रकारिता पर सीधा प्रहार है।
केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट' (**DPDP Act**) को लेकर देश भर के पत्रकारों, मीडिया घरानों और नागरिक अधिकार संगठनों में भारी चिंता व्याप्त है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी स्वतंत्र प्रेस को इस कानून के दायरे में कड़े नियमों के तहत लाने से खोजी पत्रकारिता (**Investigative Journalism**), सूचना का अधिकार (**RTI**) और आम जनता के जानने का अधिकार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।
श्री मरावी ने आगे कहा कि नागरिकों के डिजिटल डेटा की सुरक्षा बेहद जरूरी है, लेकिन पत्रकारिता संबंधी गतिविधियों (**Journalistic Exemptions**) को इस कानून से छूट न देकर सरकार ने स्वतंत्र रिपोर्टिंग को पंगु बनाने का काम किया है। पत्रकारिता और देश के लिए इस कानून के प्रमुख नुकसान व गंभीर खतरे:
खोजी पत्रकारिता (**Investigative Journalism**) का अंत
कानून के तहत किसी भी व्यक्ति के डेटा (नाम, संपत्ति, लेनदेन आदि) का इस्तेमाल करने से पहले उसकी सहमति (**Consent**) लेना अनिवार्य किया गया है। यदि कोई पत्रकार किसी नेता, नौकरशाह या कॉरपोरेट धोखाधड़ी की जांच कर रहा है, तो उस व्यक्ति से पहले ही अनुमति मांगना व्यावहारिक रूप से असंभव है। इससे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खुलासा करने वाली खबरें रुक जाएंगी।
पूर्व-सेंसरशिप (**Pre-Censorship**) का खतरायदि,पत्रकारों को रिपोर्ट प्रकाशित करने से पहले उन व्यक्तियों की अनुमति लेनी पड़े जिनके बारे में खबर है, तो यह प्रेस पर अघोषित सेंसरशिप लगाने जैसा है। अनुमति न मिलने पर खबरों को रोकना पड़ेगा, जिससे स्वतंत्र पत्रकारिता का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। आरटीआई (**RTI**) कानून की रीढ़ कमजोर होना
DPDP कानून के जरिए 'सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005' की धारा 8(1)(**j**) में संशोधन कर दिया गया है। अब ₹जनहित₹ के आधार पर भी अधिकारियों, नेताओं या सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों की व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकेगी। इससे सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। स्वतंत्र रिपोर्टिंग मुख्यतः गोपनीय सूत्रों के भरोसे होती है। डेटा सुरक्षा बोर्ड और सरकारी एजेंसियों को डेटा मांगने केअसीमित अधिकार मिलने से पत्रकारों के डिजिटल रिकॉर्ड, कॉल लॉग्स और सूत्रों की पहचान उजागर होने का बड़ा जोखिम पैदा हो गया है।
('**Right to Erase**')
कानून में दिए गए 'डेटा मिटाने के अधिकार' (**Right to Erasure**) का दुरुपयोग कर अपराधी, घोटालेबाज या राजनेता अपने अतीत और भ्रष्टाचार से जुड़ी पुरानी डिजिटल खबरों को हटवाने का दबाव बनाएंगे। इससे जनता के सामने ऐतिहासिक रिकॉर्ड और सच मिटाने की साजिशों को बल मिलेगा। मीडिया घरानों की बंदीकानून का उल्लंघन होने या सहमति न लेने पर भारी भरकम जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यह आर्थिक दंड इतना बड़ा है कि छोटेमीडिया संस्थान, स्वतंत्र पत्रकार और डिजिटल न्यूज़रूम रातों-रात बंद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे।
दोहरे मानदंड (सरकार को छूट, मीडिया पर शिकंजा)एक तरफ जहां सरकार ने अपनी विभिन्न एजेंसियों को सुरक्षा व सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर इस कानून से व्यापक छूट दी है, वहीं दूसरी तरफ जनहित में काम करने वाले मीडिया और पत्रकारों को कोई छूट नहीं दी गई है। यह शक्ति का असंतुलन है।
पत्रकारिता को स्पष्ट छूट (**Journalistic Exemption**): यूरोपीय संघ (**GDPR**) व अन्य विकसित देशों की तर्ज पर भारतीय **DPDP** एक्ट में भी जनहित में की जाने वाली स्वतंत्र रिपोर्टिंग को कानून से तुरंत छूट दी जाए।
RTI कानून को बहाल किया जाए: सूचना के अधिकार (**RTI**) में किए गए संशोधनों को वापस लिया जाए ताकि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों की जवाबदेही बनी रहे। गोपनीय स्रोतों, पत्रकारों के स्रोतों और डिजिटल पत्राचार की सुरक्षा के लिए ठोस कानूनी प्रावधान जोड़े जाएं।
अत्यधिक जुर्माने की मीडिया संस्थानों और स्वतंत्र डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अनुचित दबाव बनाने वाले भारी जुर्माने के प्रावधानों को संशोधित किया जाए।
श्री मरावी ने आगे कहा कि निजता का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन इसकी आड़ में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को छिपाना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंट कर लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है।सरकार से अपील करते हैं कि वह कानून में तत्काल आवश्यक संशोधन करे ताकि प्रेस की स्वतंत्रता और आम जनता का 'जानने का अधिकार' सुरक्षित रहे।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि


[तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा]

जबलपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

बारिश से फसलें प्रभावित, कटी धान को नुकसान

अर्नब तूफान ने बढ़ाई किसानों की चिंता





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

अर्नब तूफान के चलते बालाघाट में दो दिन से मौसम बदला हुआ है। बुधवार आधी रात बारिश हुई और गुरुवार सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर में हल्की बारिश हुई। बादल छाए रहने से भारी बारिश की आशंका जताई जा रही है।

बारिश से खेतों में कटी हल्की धान को नुकसान हो सकता है, जबकि भारी धान को फायदा होगा। कृषि विभाग के मुताबिक, जिले में करीब 1 लाख हेक्टेयर में हल्की धान लगी है। इसमें से 5 से 10 प्रतिशत की कटाई हो चुकी है। कटी फसल खेतों में सुखाने के लिए रखी है। भारी धान करीब 2 लाख हेक्टेयर में लगी है।

बोटे निवासी किसान शेषराम मात्रे ने बताया कि उन्होंने खेत में धान काटकर रखी थी। रात में बारिश से फसल भीग गई। अब धान के बोझे नहीं बांध पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौसम ऐसा ही रहा तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी।

बालाघाट में हल्की और भारी, दो तरह की धान बोई जाती है। कृषि अधिकारी फूलसिंह मालवीय ने बताया कि हल्की धान पक चुकी है और किसान उसकी कटाई शुरू कर चुके हैं। खेत में काटकर सुखाने रखी धान बारिश में भीगी तो दाने झड़ सकते हैं और अंकुरित हो सकते हैं।

मालवीय ने किसानों से कहा कि खेत में कटी धान को सुरक्षित रखें या उसके बोझे बांधकर खड़े कर दें। इससे बारिश होने पर फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस समय भारी धान को पानी की जरूरत है, इसलिए बारिश से उसे फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि खेतों में बोई गई कुल्थी, लखोड़ी और रामतिल को भी बारिश से फायदा होगा। रबी की गेहूं, चना, अलसी और मसूर की बुआई से पहले खेतों को एक सिंचाई भी मिल जाएगी।

बावनथड़ी नदी में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई, रेत से भरी तीन ट्रॉलियां जब्त

एसडीएम विजय सिंह यादव के निर्देश पर राजस्व और पुलिस अमले ने की कार्रवाई, अवैध उत्खनन के रास्ते को जेसीबी से कराया बंद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार 29 अक्टूबर को बोनकट्टा ग्राम में बावनथड़ी नदी से अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई की। मौके से रेत से भरी तीन ट्रॉलियां जब्त कर थाना तिरोड़ी की सुपुर्दगी में रखवाई गईं। साथ ही अवैध रेत उत्खनन के लिए बनाए गए रास्ते को जेसीबी की मदद से गहरे गड्ढे खुदवाकर बंद कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटंगी श्री विजय सिंह यादव को गुरुवार दोपहर बोनकट्टा ग्राम में बावनथड़ी नदी से अवैध रेत उत्खनन किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने तहसीलदार तिरोड़ी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की पुष्टि की तथा अवैध रेत परिवहन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी।

सूचना मिलने पर एसडीएम ने थाना प्रभारी तिरोड़ी को पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और स्वयं तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि, राजस्व अमले और पुलिस बल के पहुंचने से पहले ही उत्खनन में संलिप्त लोग ट्रैक्टर लेकर वहां से जा चुके थे। मौके पर रेत से भरी तीन ट्रॉलियां मौजूद थीं। आसपास ट्रैक्टरों के पहियों के निशान भी मिले।

इसके बाद एसडीएम ने ग्रामीणों की सहायता से ट्रैक्टरों की व्यवस्था कर रेत से भरी तीनों ट्रॉलियों को थाना तिरोड़ी भिजवाया। प्रशासन ने अवैध उत्खनन के लिए बनाए गए रास्ते को जेसीबी से गहरे गड्ढे खुदवाकर बंद करा दिया, ताकि इस मार्ग से दोबारा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन नहीं किया जा सके।

एसडीएम श्री विजय सिंह यादव ने बताया कि अवैध उत्खनन की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। बोनकट्टा में सूचना मिलने पर भी तत्काल कार्रवाई की गई है। अवैध परिवहन में संलिप्त तीन ट्रॉलियों को थाना तिरोड़ी की सुपुर्दगी में रखा गया है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई के दौरान थाना तिरोड़ी के उपनिरीक्षक दादूराम पटले, पटवारी प्रहलाद सहित अन्य राजस्व अमला मौजूद रहा।

राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए छिंदवाड़ा परिक्षेत्र की टीम ग्वालियर रवाना



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार संभाग स्तरीय पुरुष बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय हट्टा जिला बालाघाट के द्वारा किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में पुरुष खिलाड़ियों का चयन राज्यस्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता जो दिनांक 30-10-26 एवं 31 -10 -26 को शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर मैं आयोजित है के लिए किया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छिंदवाड़ा परिक्षेत्र की बास्केटबॉल टीम ग्वालियर के लिए रवाना I टीम में 12 खिलाड़ी एवं मैनेजर के रूप में श्री अक्षय मण्डराहा सर एवं कोच के रूप में क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सचिन तिवारी शामिल हैं। खिलाड़ियों के उत्कर्ष प्रदर्शन के लिए छिंदवाड़ा परिक्षेत्र के समस्त क्रीडा अधिकारियों, बास्केटबॉल संघ के सदस्य एवं खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने रात्रि में रैन बसेरा और बस स्टैंड का किया आकस्मिक निरीक्षण

रैन बसेरा में ठहरे लोगों से व्यवस्थाओं की ली जानकारी, बस स्टैंड पर स्वच्छता और हाई मास्क लाइट लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर आदित्य सिंह ने 29 अक्टूबर की रात्रि में नगरीय क्षेत्र बालाघाट में संचालित रैन बसेरा एवं बस स्टैंड का आकस्मिक निरीक्षण किया। रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां रात्रि विश्राम कर रहे लोगों से मुलाकात कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके को रैन बसेरा में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने बस स्टैंड का निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टैंड के प्रतीक्षालय एवं सार्वजनिक शौचालय को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड परिसर में हाई मास्क लाइट लगाने के लिए भी कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम गोपाल सोनी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके उपस्थित रहे।

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर बेबाक राय रखेंगे युवा 3 नवंबर को सजेगी विकसित भारत युवा संसद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार रखने का मंच प्रदान करने के लिए 'माय भारत' केंद्र बालाघाट द्वारा आगामी 3 नवंबर 2026 को शासकीय संदीपनी विद्यालय, बालाघाट में जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन किया जाएगा। 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027' के तहत आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रखा गया है।

जिला युवा अधिकारी श्री प्रांजल अग्रवाल ने बताया कि इस युवा संसद में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों की आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में की जाएगी। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले युवाओं को निर्धारित विषय ₹एक राष्ट्र- एक चुनाव₹ पर तीन मिनट का भाषण देना होगा। प्रतिभागी अपना भाषण हिंदी, अंग्रेजी या संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किसी भी भाषा में प्रस्तुत कर सकेंगे।

जिला स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन वक्ताओं को प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रदेश स्तर के सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को संसद भवन, नई दिल्ली (Parliament) में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। 'माय भारत' केंद्र ने युवाओं से आधिकारिक पोर्टल (mybharat.gov.in) के माध्यम से पंजीकरण कर इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने उत्कृष्ट विद्यालय में 31 अक्टूबर को लगेगा चिन्हांकन शिविर

बैटरी ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र सहित अन्य उपकरणों के लिए होगा चिन्हांकन, आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा एलिमको संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 31 अक्टूबर को उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

शिविर में दिव्यांगजनों की आवश्यकता के अनुसार बैटरी चलित ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया जाएगा। पात्र दिव्यांगजनों को आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है।

सामाजिक न्याय विभाग की जिला समन्वयक सुश्री नुपुर जा ने बताया कि शिविर में शामिल होने वाले दिव्यांगजन अपने साथ समग्र आईडी, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा राशन कार्ड की प्रति लेकर आएं। आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दिव्यांगजन शिविर में अपना पंजीयन एवं चिन्हांकन करा सकते हैं। उन्होंने बालाघाट जिले के समस्त दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

13 दिनों तक चला सरस्वती महोत्सव, विसर्जन यात्रा में दिखे अखाड़ों के हैरतअंगेज करतब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के लालबर्रा में नवरात्र की पंचमी से शुरू हुए सरस्वती महोत्सव का बुधवार रात प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हो गया। 13 दिनों तक चले इस महोत्सव में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेले का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोग पहुंचने।

मां सरस्वती की प्रतिमा की विसर्जन यात्रा करीब तीन किलोमीटर तक चली। इसके बाद प्रतिमा का वैनगंगा नदी में विसर्जन किया गया। यात्रा में लालबर्रा शहर के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान अखाड़ों के कलाकारों ने लट्ठ प्रदर्शन, आग के घेरे से गुजरने और हाथ में रखे नारियल को लट्ठ से फोड़ने जैसे करतब दिखाए। भगवान हनुमान और गणेश की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु डीजे और धुमाल की धुन पर नाचते हुए मां सरस्वती को विदाई देते नजर आए। सरस्वती महोत्सव समिति से जुड़े रामेश्वर बसेने के अनुसार, मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने और महोत्सव के रूप में आयोजन की शुरुआत आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौर में हुई थी। उन्होंने बताया की इसकी शुरुआत 23 जनवरी 1990 को हुई थी। समिति के



संरक्षक और कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल के मुताबिक, वर्ष 1990 में 15 से 18 साल की उम्र के स्कूली छात्रों ने छोटे स्तर पर इस आयोजन की शुरुआत की थी। सालों पहले क्षेत्र के ग्रामीण प्रतिमा के दर्शन और आयोजन में शामिल होने के लिए बैलगाड़ियों से लालबर्रा पहुंचते थे। उस समय क्षेत्र में वाहनों की उपलब्धता सीमित होने के कारण बैलगाड़ी यात्रा का एक प्रमुख साधन थी।

माटे में प्रस्फुटन समितियों का शक्ति संचय प्रशिक्षण सम्पन्न, जनभागीदारी से विकास का दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखण्ड बिरसा द्वारा 28 अक्टूबर को ग्राम पंचायत माटे, सेक्टर-05 कनिया में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय सेक्टर स्तरीय शक्ति संचय एवं क्षमता वर्धन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समितियों के पदाधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ाना, नेतृत्व कौशल विकसित करना और समाज के सर्वांगीण विकास में जनभागीदारी को सशक्त बनाना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का तिलक व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।कार्यक्रम में श्रीमती रेवती मेरावी सरपंच माटे, श्रीमती स्वर्णलता चोपड़ा विकासखण्ड समन्वयक, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बिरसा , नवांकुर अध्यक्ष खिलेन्द्र यादव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रस्फुटन समितियां को समाज और शासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु बताते हुए ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम सुनील कुमार पापड़े ने प्रस्फुटन समितियों की भूमिका और सामाजिक दायित्व पर बताया गया कि समितियां जनजागरूकता,शासन की योजनाओं के प्रचार प्रसार तथा विकास कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । इसी क्रम में विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती स्वर्णलता चोपड़ा एवं विवेकानंद मराठे ने प्रभावी संवाद कौशल की तकनीक पर जानकारी दी तथा परामर्शदाता भानुप्रताप मरकाम ने दस्तावेजीकरण एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया। अंतिम सत्र में फीडबैक लिया गया, जिसमें श्रीमती कलावती पांडे ने कहा कि इस प्रशिक्षण से शासन और समाज के बीच सेतु के रूप में कार्य करने की सीख मिली। नवांकुर संस्था द्वारा भोजन मंत्र के साथ सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार पापड़े ने किया।

प्रोफेसर नहीं तो पढ़ाई कैसे? खैरलांजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान के शिक्षक की मांग को लेकर BASF का हल्ला बोल, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय, खैरलांजी में पिछले लंबे समय से वनस्पति विज्ञान (Botany) के शिक्षक न होने के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। इस गंभीर समस्या को लेकर आज भीम आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेशन (BASF) के बैनर तले कॉलेज के विद्यार्थियों ने कॉलेज प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द योग्य अतिथि शिक्षक नियुक्त करने की मांग की है।

प्राचार्य को सौंपे गए ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि वे बी.एस-सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के नियमित विद्यार्थी हैं। कॉलेज में वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर न होने की वजह से उनकी नियमित कक्षाएं नहीं लग पा रही हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। छात्रों ने मांग की है कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कॉलेज में अविलंब वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर किसी योग्य अतिथि शिक्षक की नियुक्ति की जाए ताकि सभी की कक्षाएं समय पर संचालित हो सकें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से छात्रसंघ BASF बालाघाट के जिलाध्यक्ष आशीष (आशू) नकाशे, जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल बांसोड़, जिला उपाध्यक्ष सारांश श्यामकुंवर के साथ-साथ स्थानीय कॉलेज छात्रसंघ की अध्यक्ष ऐश्वर्या सुलाकिया, उपाध्यक्ष प्राची टेंभरे और महासचिव अश्विनी साखरे उपस्थित रहीं।इनके अलावा छात्र नेता विवेक रंगारे, प्राची सहारे, नंदिनी साखरे, साहिल बावनथडे, तनु बहेकर, नेहा सहारे, प्रवीणा हरिद्वार, गौरव अटराहे, खुशबू श्यामकुवर, नंदिनी कंसरे, मनीषा सेलोकर, आरती लिल्हारे, आकृति वाघमारे, स्वाति रावत, मुस्कान सुलाखे, विश्वेश्वरी मस्खरे, वर्षा मुरारी सहित कॉलेज के समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में अपनी मांगों को लेकर मौजूद रहे। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

बालाघाट ने रचा इतिहास : राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज में बालाघाट की ऐतिहासिक उपलब्धि

शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा ने हासिल किया प्रदेश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में बालाघाट जिले ने इतिहास रच दिया है विद्यार्थियों में प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं पर्यटन संबंधी धरोहरों के प्रति रुचि जागृत करने तथा उनके ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता का प्रथम चरण जिला स्तर पर तथा द्वितीय चरण राज्य स्तर पर आयोजित होता है, जिसमें जिला स्तर पर चयनित टीम अपने जिले का प्रतिनिधित्व करती है।इसी क्रम में 27 अक्टूबर 2026 को मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 55 टीमों ने भाग लिया। इनमें से 14 टीमों ने अगले चरण में प्रवेश किया, जबकि अंतिम फाइनल राउंड के लिए प्रदेश की छह सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन किया गया।इस रोमांचक प्रतिस्पर्धा में बालाघाट जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। शासकीय मॉडल स्कूल, बिरसा की इस विजेता टीम में कु. खुशबू सोनी, पिता स्व. जयकुमार सोनी; कु. महिमा कावरे, पिता श्री बलवन दास कावरे; तथा कु. फाल्गुनी मेरावी, पिता श्री अमर सिंह मेरावी शामिल थीं। टीम ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक श्री सौरभ कुमार शर्मा के नेतृत्व में यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की।यह उपलब्धि संयुक्त संचालक, जबलपुर श्री घनश्याम सोनी के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट श्रीमती धनश्री जैन के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई। विशेष रूप से जनजातीय अंचल की इन तीनों छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, आत्मविश्वास और ज्ञान के बल पर बड़े-बड़े निजी विद्यालयों की टीमों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह सफलता सरकारी विद्यालयों की शैक्षणिक क्षमता और ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों की प्रतिभा का प्रेरणादायक उदाहरण है।प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति एवं विरासत विभाग के मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक (एमडी) डॉ. इलैयाराजा टी. तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक श्री नेमाजी द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं विशेष उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, विजेता टीमों के लिए हेलीकॉप्टर से पर्यटन भ्रमण की संभावित योजना के संबंध में भी आश्वासन दिया गया।बालाघाट जिले की इस शानदार सफलता से विद्यालय, नगर एवं संपूर्ण जिले में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। छात्राओं के अभिभावकों, शिक्षकों तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।अंत में, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद, जिसने विद्यार्थियों को प्रदेश की समृद्ध विरासत, पर्यटन स्थलों और संस्कृति को जानने-समझने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए ऐसा ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक मंच उपलब्ध कराया। यह आयोजन विद्यार्थियों में पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।